

## सूर्य उपासना का महापर्व

# आज अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सूर्य उपासना का महापर्व छठ के आज तीसरे दिन अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया जायेगा। राजधानी के सभी तालाब, नदी और जलाशयों में इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। वहीं घाटों में साज-सज्जा, विद्युत व्यवस्था और आवश्यक सुविधाएं पूरी कर ली गयी हैं। इधर दूसरे दिन कल शाम खरना का अनुष्ठान किया गया और प्रसाद ग्रहण किया। इसके साथ ही व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास भी शुरू हो गया। आज अस्ताचलगामी सूर्य को और कल सुबह उदीयमान भागवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया जायेगा। इधर राजधानी रांची में जगह जगह छठ बाजार सजे हैं। जिसमें सूप, टोकरी से लेकर मिट्टी के दीये, फल और सब्जियां मिल रहे हैं। राजधानी रांची की बात करें तो मुख्य बाजार जिला स्कूल, कचहरी, बकरी बाजार, बहुबाजार, चर्च रोड, रातु रोड, नामकुम, चुटिया, धुर्वा, शालिमार बाजार समेत अन्य इलाकों में लगा है।



छठ महापर्व के दूसरे दिन खरना अनुष्ठान करतीं छठव्रती।

## रांची एसएसपी परिवार के साथ कर रहे छठ महापर्व

**गहरी आस्था**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** लोक आस्था का महापर्व छठ राष्ट्रीय पर्व जैसा बन गया है। यह कहना है भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का। आम हो या खास सभी कठिन व्रत कर छठ मैइया का आशीर्वाद पाना चाहते हैं। रांची के सीनियर एसपी चंदन कुमार सिन्हा और उनकी पत्नी कंचन सिंह की छठ को लेकर गहरी आस्था है। इस बार कंचन सिंह रांची में छठ अपने परिवार और पुलिस परिवार के साथ कर रही हैं। सरकारी काम काज से समय निकालकर महापर्व छठ करना अपने आप में छठी की महिमा को दर्शाता है। कंचन सिंह बताती हैं कि रांची में महापर्व छठ करना बड़ी चुनौती है क्योंकि यहां उनके पति के साथ-साथ उनके भी कई काम हैं लेकिन पूरे परिवार के साथ एसपी आवास में पहली बार महापर्व छठ कर रही हैं। छठ पर्व में पूरा पुलिस परिवार उनका सहयोग कर रहा है। रांची एसएसपी चंदन सिन्हा बताते हैं कि वैसे तो काफी कम समय होता है, राजधानी जैसे शहर में जब आप एसएसपी के पद पर हो, लेकिन कानून व्यवस्था की स्थिति को संभालते हुए समय निकालकर पत्नी की मदद करते हैं।



## खबर एक नजर में

### काली पूजा स्वागत समिति ने नारियल बांटी



**रांची।** काली पूजा स्वागत समिति, हरमू रोड, रांची की ओर से शनिवार को छठ के पावन अवसर पर एक हजार एक सौ एक नारियल का वितरण घर घर जाकर किया गया। समिति के संस्थापक अध्यक्ष प्रेम वर्मा ने बताया कि भवानी नगर, आनंद नगर, शिव शक्ति नगर, पूरानी रांची और ईरगू टोली में छठ व्रतियों के घर जाकर श्री फल नारियल वितरण किया गया। इस अवसर पर रवि प्रकाश, सचिदानंद सोनी, चंदन वर्मा, मनोज कुमार, राजू वर्मा, गौतम सोनी, शुभम वर्मा, रामू सोनी, सौरभ वर्मा आदि थे।

### श्री श्री छठ पूजा समिति अमरावती कॉलोनी ने नारियल एवं सूप का वितरण किया

**रांची।** श्री श्री छठ पूजा समिति अमरावती कॉलोनी, चुटिया में सांसद संजय सेठ एवं महुआ माजी की उपस्थिति में नारियल एवं सूप का वितरण किया गया। समिति के संयोजक अमित सिंह एवं विक्की सहाय ने बताया कि प्रत्येक वर्ष छठ महापर्व के पावन अवसर पर समिति द्वारा सफाई विद्युत सज्जा फल वितरण आदि सेवा कार्य किया जाता है।

### साड़ी और छठ पूजा सामग्री वितरण

**रांची।** रांची जिला छठ पूजा समिति की ओर से शनिवार को किशोरगंज के एलपी पब्लिक स्कूल में 600 से अधिक व्रतियों के बीच साड़ी एवं छठ पूजन सामग्री बांटी गयी। समिति की ओर से सूप, नारियल, फल, कपड़ा व ईख सहित सभी आवश्यक सामग्री दी गयी। छठ घाटों पर भी सफाई अभियान भी चलाया जा रहा है। हर घाट पर वॉलिंटियर्स, चेंजिंग रूम, मेडिकल टीम की भी व्यवस्था की जा रही है। मौके पर संरक्षक सुमित सिंह, अध्यक्ष सूरजभान, शशांक राज, रोमित नारायण सिंह, ललन सिंह, श्याम किशोर सिंह, नीतु सिंह, सुजित सिंह, निशांत यादव, बद्री नारायण सिंह आदि थे।

### अल्पसंख्यक कांग्रेस ने सूप और दउरा बांटा



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष मंजूर अंसारी के निर्देश पर महापर्व छठ के मौके पर रांची महानगर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष हुसैन खान ने शनिवार को धुर्वा में लगभग 200 से अधिक छठ व्रतियों के बीच सूप–दउरा के साथ पूजन सामग्री का वितरण किया। हुसैन खान ने राजधानी के छठव्रतियों को शुभकामनाएं दी तथा कहा कि छठ पूजा सच्ची भक्ति, दृढ़ता, विश्वास का प्रतीक है। इस व्रत के प्रताप से संतान पर कभी कोई संकट नहीं आता, परिवार में सुख–समृद्धि की कोई कमी नहीं रहती हैं। मौके पर फिरोज अंसारी, टिंकू खान, फुरकान आलम, मनोज कुमार, मोहम्मद चांद, मनीष कुमार, मारूफ खान के साथ अन्य उपस्थित थे।

## निरीक्षण करने पहुंचे निगम प्रशासक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** नगर निगम प्रशासक अमित कुमार श्री चंद्रशेखर आजाद छठ पूजा समिति, बटन तालाब डोरंडा परिसर में अंतिम तैयारी का निरीक्षण किया। मौके पर अमित कुमार ने कहा छठ व्रतियों को कठिनाई न हो इसके लिए पूरे तालाब परिसर को स्वच्छ बनाने के लिए नगर निगम एवं मत्स्य विभाग कार्य को पूरा कर रहा है। क्लब के महामंत्री अजय गिरी ने बताया कि तालाब के चारों ओर विद्युत सज्जा पूरी कर ली गयी है। तालाब परिसर की गहराई को भी चिन्हित कर रस्सी से घेर दिया गया है। सांसद संजय सेठ, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, रांची विधायक सीपी सिंह एवं क्लब के मुख्य संरक्षक अजय नाथ शाहदेव, अध्यक्ष अनिल गुप्ता, आशुतोष मिश्रा का अभिवादन किया गया।

## धुर्वा के शालीमार में तालाबों की श्रृंखला की अद्भुत छटा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** रांची के धुर्वा स्थित मत्स्य अनुसंधान संस्थान परिसर में स्थित शालीमार छठ घाट पर भी तैयारियां पूरी हो गयी है। यहां एक दर्जन से ज्यादा तालाब हैं, जहां व्रती अर्घ्य देती हैं। यहां इस बार रांची नगर निगम की ओर से तालाबों की साफ सफाई और लाइटिंग की खास व्यवस्था के साथ चेंजिंग रूम बनाया गया है। घाट बनाने आये प्रणव ने कहा कि उन्होंने परंपरागत तरीके से ही कच्चे तालाब में घाट बनाया है। शंभु कुमार ने कहा कि उनका भी छठ घाट बन गया है।

## छठ तालाबों में कीटनाशक दवा का छिड़काव और कृत्रिम में पानी की व्यवस्था कराये नगर निगम



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची महानगर छठ पूजा समिति के मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दूबे, अध्यक्ष लाल किशोर नाथ शाहदेव, संरक्षक विनय कुमार सिंह के नेतृत्व में समिति के सदस्यों ने शनिवार को हातमा तालाब, चडरी तालाब, बटम तालाब, स्वर्णरेखा नदी घाट का निरीक्षण किया। समिति ने देखा कि नगर निगम प्रशासन युद्ध स्तर पर सफाई का काम तो कर रहा है, लेकिन तालाब एवं नदियों का दूषित पानी गंभीर बीमारियों को चुनौती दे रही है। इसके लिए ब्लीचिंग पाउडर, फिटकरी, कीटनाशक दवाइयां डालने के लिए राज्य सरकार एवं नगर निगम प्रशासन से अनुरोध किया है। वहीं, कृत्रिम जलाशयों में नगर निगम प्रशासक को टैंकर से पानी उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। नगर निगम प्रशासक ने भी आश्वस्त किया है कृत्रिम तालाबों में पानी की कमी नहीं होने दी जाएगी। रांची महानगर छठ पूजा समिति की देखरेख में इस वर्ष रांची में 200 से अधिक छोटे-बड़े कृत्रिम जलाशयों का निर्माण कराया जा रहा है। रांची महानगर छठ पूजा समिति के मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दूबे ने कहा कि रांची महानगर छठ पूजा समिति के नेतृत्व में छप्पन सेट मैदान परिसर में कृत्रिम तालाब का निर्माण कराया गया है। मौके पर समिति के गौतम दूबे गोपी, महेंद्र प्रसाद, मनोज सिंह, मनोज तिवारी, अभिषेक कुमार, शशिकांत, अजीत कुमार, विजय गुप्ता, विवेक सिंह, रोहित कुमार, सुशांत कुमार, मेंहुल दूबे लगातार छठ पूजा आयोजन में सक्रिय हैं।




## छठ महापर्व में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसएसपी खुद कर रहे हैं मॉनिटरिंग, एक हजार बल तैनात

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** महापर्व छठ के मद्देनजर रांची पुलिस और जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया है। छठ घाटों पर सुरक्षा, एनडीआरएफ की तैनाती के साथ-साथ छठ घाट जाने वाले लोगों के घरों की सुरक्षा के लिए मोबाइल पेट्रोलिंग की व्यवस्था की गई है।

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने कहा कि राजधानी में दो तरह का क्षेत्र है। एक शहरी क्षेत्र जो सिटी एरिया का है और दूसरा ग्रामीण क्षेत्र है। ग्रामीण क्षेत्र में भी बहुत सारे घाट हैं और शहर में भी करीब 100 छठ घाट हैं। श्रद्धालुओं की संख्या भी काफी ज्यादा है। ऐसे में पुलिस को सबसे ज्यादा क्राउड मैनेजमेंट पर ध्यान रखना है ताकि छठव्रती समय से अपने घाटों तक पहुंच सकें। इसके लिए ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है। नदी तालाबों और डैम के आसपास ड्रॉप गेट बनाए गए हैं, ताकि वहां छठ घाटों से ज्यादा नजदीक ना जा सकें। वैसे छठ घाट जहां पर पानी काफी गहरा है वहां रेड रिबन लगाया गया है ताकि लोग उसके आगे ना जाएं।

रांची पुलिस की ओर से भी श्रद्धालुओं से आग्रह किया गया है कि वह बच्चों को एक निश्चित सीमा के बाद पानी में आगे न जाने दें और खुद भी ना जाएं। सभी छठ घाटों और धुर्वा, कांके डैम और बड़ा तालाब में एनडीआरएफ के द्वारा गोताखोरों की तैनाती की गई है। गहरे और बड़े छठ घाटों पर नाव की भी व्यवस्था की गई है जो गहरे पानी में मूवमेंट करेगी।

**ट्रैफिक रुट में बदलाव :** छठ महापर्व को लेकर शहर की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। 19 नवंबर को सुबह आठ से रात ग्यारह और 20 नवंबर रात दो से दस बजे रात तक शहर में भारी वाहनों का प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। जारी आदेश में कहा गया है कि भारी वाहन रिंग रोड होकर अपने गंतव्य तक जाएंगे। एसएसपी ने बताया कि छठ घाटों के आसपास वाहन पार्किंग के लिए भी स्थल निर्धारित की गई है।

**एक हजार जवानों की तैनाती :** रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि पूरे जिले में 1000 से ज्यादा अतिरिक्त बल तैनात किए गए। छठ घाट तक जाने वाले छठ व्रतियों के घरों की सुरक्षा के लिए भी मोबाइल पेट्रोलिंग की व्यवस्था की गई है।

**स्कूटी–बाइक दस्ता की तैनाती**

छठ घाट पर छेड़खानी व अन्य वारदात न हो इसके लिए धुर्वा डैम, बड़ा तालाब, कांके रोड, नक्षत्र वन, चडरी, लाइन टैंक, करमटोली, मछलीघर तालाब, स्वर्णरेखा नामकुम घाट और अरगोड़ा में सुरक्षाकर्मियों के साथ-साथ स्कूटी और बाइक सवार दस्ते की तैनाती भी की गई।

## आज का राशिफल
**19-11-2023**

**विक्रम संवत** 2080, **शक संवत** 1945। **ऋतु** : हेमंत। सूर्य दक्षिणायन। **मास** : कार्तिक, **पक्ष** : शुक्ल, **तिथि** : षष्ठी 07:24 बजे तक तदनंतर सप्तमी 05:22 बजे प्रात: समाप्त। **नक्षत्र** : श्रवण 22.49 बजे समाप्त। **योग** : वृद्धि 23.28 बजे समाप्त। **करण** : तैतिल 07:24 बजे तक, गर : 18:24 बजे तक, तदनंतर वणिज 05:22 बजे प्रात: समाप्त। **चंद्रायु** 05.6 घंटे। **दिशाशूल** : पश्चिम।

**मेष** : कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। शुभांक-5-6-8

**वृष** : यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-6-7-8

**मिथुन** : शनै:-शनै: स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। शुभांक-2-6-9

**कर्क** : मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-6-7-9

**सिंह** : कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-4-6-7

**कन्या** : अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबार में प्रगति बनी रहेगी। शुभांक-4-6-8

**तुला** : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-1-5-7

**वृश्चिक** : अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-5-6-8

**धनु** : धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। शुभांक-2-6-8

**मकर** : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। साझे के काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-5-6-9

**कुंभ** : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। शुभांक-3-8-9

**मीन** : भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-3-5-6

# हर हाल में रोकें बाल विवाह : राकेश रंजन

## कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन और डालसा ने किया कार्यशाला का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन और जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) द्वारा संयुक्त रूप से कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का थीम 'बाल विवाह' था। कार्यशाला का आयोजन नामकुम प्रखंड के बड़ाम गांव के ग्रामोदय विकास विद्यालय में किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राकेश रंजन ने की।

उन्होंने कहा कि बच्चों को विवाह करने से बचना होगा। उन्हें खुद निर्णय लेने की जरूरत है। बच्चों के प्रति होने वाले अत्याचार के विरुद्ध बच्चों को खड़ा होना होगा। साथ ही, जनप्रतिनिधि व ग्रामीण सबको मालूम रहता है कि



किस गांव में, किसके बच्चे की शादी हो रही है। इसलिए उन्हें जागरूक रहना होगा।

**बाल विवाह में शामिल सभी लोग होते हैं दोषी :** ग्रामोदय विकास विद्यालय के जिला समन्वयक अरविंद कुमार ने कहा कि बाल विवाह में संलिप्त वर-वधू पक्ष के, पंडित, पुजारी, मौलवी, पादरी, टेंट और हलवाई, आदि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 दायरे में आते हैं। इसके लिए सभी संलिप्त पुरुष को दो वर्ष का कारवास, एक लाख का जुमार्ना या दोनों हो सकता है, यह न्यायालय के ऊपर निर्भर करता है। महिलाओं को जेल नहीं होगी, मगर दो लाख का जुमार्ना लगेगा। डालसा रांची के अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने बाल विवाह, बाल मजदूरी, बाल तस्करी और यौन शोषण के कानूनी प्रावधानों को विस्तार से बतलाया। अधिक से अधिक लोगों तक यह जानकारी पहुंचाने का संदेश दिया। उन्होंने पोक्सो, बाल यौन शोषण के जटिल प्रावधानों की चर्चा की। साथ ही बच्चों के मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य की भी चर्चा की। इस मौके पर प्रताप महतो, तारा मिंज, मुन्नी देवी, सुनैना मिंज, सतीश कुमार, राजा वर्मा समेत 70 लोग शामिल मौजूद रहे।

# निर्मला कॉन्वेंट में छठ पूजा पर विशेष कार्यशाला आयोजित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल में शानिवार को महापर्व छठ पूजा के मौके पर विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें पूजा के विभिन्न आयामों को चित्रित किया गया। विद्यालय में कृत्रिम जलाशयों का निर्माण कर बच्चों को छठ पूजा के विधि-विधान तथा इसके महत्व को बताया गया। वहीं बच्चों ने इस स्वर्णिम पल का खूब लुत्फ उठाया। इसमें भाग लेने वाले सभी बच्चे साड़ी तथा पूजा के अनुरूप परिधान में नजर आये। बच्चों के छठ व्रती के रूप में देखकर सभी उपस्थित अभिभावागन तथा शिक्षकगण का मन सम्मोहित हो गया। पूजा अर्चना के बाद विद्यालय के शिक्षकों द्वारा द्वारा छठ के आध्यात्मिक, सामाजिक, आर्थिक तथा वैज्ञानिक महत्व पर प्रकाश डाला गया। प्रिंसिपल विजय कुमार शर्मा ने कहा कि छठ पूजा समाज कि जरूरत है। यही एक ऐसा पर्व है, जो समाज के हरेक वर्ग को जोड़ने का कार्य करता है। यहां किसी भी प्रकार के भेद-भाव का कोई स्थान नहीं है।

# झारखंडी संस्कृति की विरासत है सोहराय जतरा : रामेश्वर उरांव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उराँव ने कहा है कि झारखंडी संस्कृति की विरासत है सोहराय जतरा, इसे बचाए रखने की जरूरत है, सोहराय जतरा सभी संप्रदाय को आपस में जोड़ने का भी सशक्त माध्यम है। डॉ उराँव शनिवार को चांदनी चौक हटिया में सरना समिति उरांव बस्ती हटिया द्वारा आयोजित सोहराय जतरा में बोल रहे थे। इसके पूर्व सोहराय जतरा का उद्धघाटन बतौर मुख्य अतिथि वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव एवं विशिष्ट अतिथि प्रदेश कांग्रेस कमिटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे ने संयुक्त रूप से किया।




मौके पर जतरा का मुख्य आकर्षण खोड़हा नाच रहा। जतरा में आदि गांव से खोड़हा टीम के सदस्य ढोल नगाड़े के साथ नाचते गाते शामिल हुए। जतारा समिति के द्वारा सभी खोड़हा टीमों को सम्मानित भी किया गया। मेला की शुरूआत यात्रा कोटा में अतिथियों द्वारा जतरा खूंटा में पूजा अर्चना कर की गई। जतरा में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा हमारी संस्कृति बनी रहे, आगे बढ़ती रहे, हम गांव गांव में अखड़ा बनाऐंगे। मांदर, ढ़ोल, नगड़ा, अखड़ा, जतरा टांड़ भी होना चाहिए। यह मुहिम जहां जहां भी अखड़ा है उसे बचाने के लिए है। जिससे भी बात करनी होगी हम बात करेंगे। एसटी कमीशन में रहते हुए देशभर में हमने आदिवासियों के अखड़ा बनाने के लिए प्रयास किया, उन्होंने उदाहरण के तौर पर कहा राजधानी रांची में भी डीपीएस स्कूल के समक्ष तत्कालीन स्टील मिनिस्टर स्व. रामविलास पासवान से बात कर आरएणडी सेल से अखड़ा के लिए जमीन दिलाने का काम किया। एसटी कमीशन में रहते हुए राउरकेला में 5 एकड़ जमीन सरना समिति को दिलाने का काम किया। सोहराय पशुधन की पूजा है, गांव में हम बचपन मे मनाते थे। सामाजिक व सांस्कृतिक पर्व है सोहराय जतरा। बड़ी खुशी है रांची जैसे शहर में भी आदिवासी समाज अपनी संस्कृति के प्रति जागरूक हैं। सरकार को संरक्षण एवं संवर्धन के लिए आगे आना चाहिए। एचईसी प्रबंधन को चाहिए कि आदिवासी के अखड़ा एवं जतरा टांड़ जमीन जहां-जहां भी है उसे वापस किया जाए।

कांग्रेस नेता आलोक कुमार दूबे ने कहा गोवर्धन पूजा के साथ ही आदिवासियों का सोहराय पर्व प्रारंभ हो जाता है। सोहराय जतरा का संबंध सृष्टि की उत्पत्ति से जुड़ा हुआ है, यह सिर्फ त्यौहार ही नहीं जीवन का दर्शन भी है। सोहराय हमें बताता है कि केवल हमें ही जीने का अधिकार नहीं हैं बल्कि पेड़ पौधे और प्रकृति के साथ ही साथ पशु जो हमारे जीवन का अभिन्न अंग है उसे भी जीने का अधिकार है। जनजाति संस्कृति और चिंतन पेड़ पौधे से लेकर जीव जंतु तक की चिंता करता है।

सोहराय जतरा के आयोजन में समिति के अध्यक्ष सतीश गाड़ी, उपाध्यक्ष जगन्नाथ, सचिव जेकब तिर्की, कोषाध्यक्ष सुरेश उरांव, मनीष पाहन, महेंद्र उरांव, विजय किस्पोप्ता, रोहित तिर्की, लच्छू उरांव, सिकंदर लकड़ा, सुमित तिर्की का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## सीयूजे में 2 दिसंबर को पीएचडी प्रवेश परीक्षा का आयोजन

**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय में इस वर्ष पीएचडी कार्यक्रम में नामांकन के लिए होनेवाले पीएचडी प्रवेश परीक्षा (सीजेआरईटी -2023) का आयोजन 2 दिसम्बर को होगा। यह परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली सुबह 10 बजे से लेकर 1 बजे तक तथा द्वितीय पाली 2 बजे से सायं 5 बजे तक होगी। परीक्षा एकेडेमिक ब्लॉक 1, झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय, बेरी मनातु में आयोजित होगी। अभ्यर्थी 29 नवम्बर से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। इस परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन 8 नवंबर को होगा। इनका साक्षात्कार 14 दिसम्बर से 21 दिसम्बर के बीच होगा। फाइनल सेलेक्टेड अभ्यर्थी का सीट आवंटन 28 दिसम्बर को होगा और अभ्यर्थियों को 29 दिसम्बर तक फी जमा कर अपना नामांकन सुनिचित कराना होगा।

## खबर एक नजर में

### छठ व्रतियों के बीच पूजा सामग्री का वितरण



रांची। हेसल के निकट जतरा मैदान नॉर्थ पिस्का मोड़ हनुमान मंदिर रोड पांडेय निवास में समाजसेवी मनमोहन पांडेय ने छठ महापर्व पर 201 जरूरतमंद छठ व्रतियों के बीच सूप, पूजा सामग्री, फल, वस्त्र, घी आदि का वितरण किया। मौके पर जगदीश सिंह जग्गू, शैलेश्वर दयाल सिंह, सुनील सिंह, पूर्व पार्षद अशोक यादव, वीरेंद्र प्रसाद, नंद किशोर सिंह चंदेल, उत्तम यादव, निशांत जायसवाल, गौरव जायसवाल, राहुल पांडेय, अमित शर्मा, गुड्डू सहाय, संतोष कुमार, अभिमन्यु कुमार यादव आदि उपस्थित थे।

### नामकुम में झारखंड पार्टी की बैठक



**रांची।** झारखंड पार्टी संगठन विस्तार और 2024 विधानसभा चुनाव से पहले जनसंपर्क की दिशा में शनिवार को नामकुम प्रखंड के बंधुवा पंचायत के बुंडुबेडा गांव में ग्राम संगठन की महिलाओं के साथ बैठक की गयी। बैठक में गांव के चार टोला के सक्रिय सदस्यों को झापा के गांव स्तरीय कमिटी के लिए नाम सूचीबद्ध किया गया। महिलाओं ने वर्तमान विधायक के कार्यकलाप और उदासीन रवैया को भी रखा। साथ ही आगामी चुनाव में विकल्प पार्टी के लिए झारखंड पार्टी को समर्थन देने के लिए भी ग्राम संगठन की महिलाओं ने सदस्यता अभियान गांव पंचायत प्रखंड में चलाने की बात कही। बैठक में तारा कच्छप, वीणा लिंडा, सुनीता कुमारी और वार्ड सदस्य दीपिका होरो के द्वारा बंधुवा पंचायत के सभी ग्रामीणों के साथ बडी सभा कराने की जिम्मेदारी लिया गया। संगठन विस्तार में केन्द्रीय सचिव सह प्रवक्ता अंशु लकडा एक्का, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बचन उरांव, महिला मोर्चा रांची उपाध्यक्ष बिनीता टोप्पो और अनगडा प्रखंड प्रभारी परवेज आलम मौजूद रहे।

### पूर्व मंत्री गोवर्धन नायक के निधन पर शोक



**रांची।** झारखंड प्रदेश राजद कार्यालय में अविभाजित बिहार के पूर्व मंत्री, राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य एवं झारखंड के अभिभावक गोवर्धन नायक के निधन पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर राजद परिवार की ओर से श्रद्धांजलि दिया गया। इस मौके पर नेताओं ने कहा कि गोवर्धन नायक का पहचान एक हाथ में धोती और एक हाथ में गमछा, सात्विक विचार, संगठन के लिए हर वक्त तैयार रहने वाले व्यक्ति थे। उनके निधन पर प्रदेश कार्यालय में दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा के शांति के लिए प्रार्थना किया गया। शोक सभा आयोजन में राजद के युवा प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार, वरिष्ठ नेता राजेश यादव, प्रदेश महासचिव मनोज कुमार पांडेय, सदाकत अंसारी, सुधीर गोप, रांची जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र महतो, रांची महानगर अध्यक्ष कमलेश यादव, नंदलाल कुमार, अजय यादव, क्षितिज कुमार मिश्रा, भोला यादव, यशवंत कुमार आदि शामिल थे।

### छह कुड़मी आंदोलनकारियों को मिली बेल

**रांची।** मुरी रेल टेका (रोको) आंदोलन की अगुवाई करने वाले छह कुड़मी आंदोलनकारियों को आज शनिवार को रांची की रेलवे अदालत से जमानत मिल गयी। 20 सितंबर 2023 को टोटेमिक कुरमी/कुड़मी विकास मोर्चा के बैनर तले कुरमी/कुड़मी महतो समाज को अनुसूचित जनजाति की सूची में सूचीबद्ध करने की मांग को लेकर 12 घंटे तक रेल रोको आंदोलन चलाया गया था। इस आंदोलन में मुरी आरपीएफ के द्वारा कांड संख्या (1561/2023) दर्ज की गयी थी और रेलवे एक्ट 145,146,147,174( ) लगाकर शीतल ओहदार, हरमोहन महतो, सखीचंद महतो, दानिसिंह महतो, सपन कुमार महतो, सोनालाल महतो को नामजद अभियुक्त बनाया गया था। इस संदर्भ में अधिवक्ता शष्ठीरंजन महतो ने रेलवे न्यायालय में सरेंडर कम बेल फाइल करते हुए न्यायाधीश से रेल टेका पूर्व घोषित कार्यक्रम होने एवं रेलवे की संपत्ति को किसी प्रकार की क्षति नहीं पहुंचाने की वकालत करते हुए अभियुक्तों को बेल देने का आग्रह किया। रेलवे की अदालत ने आग्रह स्वीकार करते हुए सभी आंदोनकारियों को बेल दी।

### मुड़मा में मंदिर तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई हो : डॉ प्रणव बब्बू

**रांची।** अधिवक्ता, भाजपा नेता एवं सामाजिक-वैचारिक संगठन रांची रिवोल्ट जनमंच के संयोजक डॉ प्रणव कुमार बब्बू ने कहा है कि राजधानी रांची के मांडर में मुडमा गांव में पांच मंदिरों को क्षति पहुंचाने की घटना अत्यंत निंदनीय एवं दुर्भाग्यपूर्ण है और इसकी जितनी भी आलोचना की जाये वह कम है। डॉ बब्बू ने कहा कि इससे झारखंड की छवि को भी नुकसान होता है। डॉ बब्बू ने कहा कि इस संदर्भ में आज रांची रिवोल्ट जनमंच की एक वर्चुअल बैठक हुई, जिसमें प्रशासन से यह मांग की गयी कि दोषी तत्वों की अविलम्ब गिरफ्तारी की जाये और उसे सख्त-से-सख्त सजा दी जाये। डा. बब्बू ने कहा कि अगर दोषियों की जल्द गिरफ्तारी नहीं होती है तो छठ के बाद बैठक कर तीव्र आंदोलन करने का निर्णय लिया जायेगा।

# रांची विवि के केओ कॉलेज गुमला में जोरों पर है अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस की तैयारी

## देश के 15 राज्यों से 300 वैज्ञानिक और प्रतिभागी होंगे शामिल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय अंतर्गत सुदूर इलाके के जनजातीय बहुल क्षेत्र में अवस्थित कार्तिक उरांव महाविद्यालय (केओ कॉलेज) गुमला में 29-30 नवंबर को अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इसके लिए अब तक लगभग 150 एब्स्ट्रेक्ट प्राप्त हुए हैं। अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का विषय एथेनोबॉटनी एनवायरमेंटल सस्टेनेबिलिटी व मल्टीडीपीपिनरी रिसर्च रखा गया है। इस कॉन्फ्रेंस में देश के 15 राज्यों से लगभग 300 वैज्ञानिक और प्रतिभागी सम्मिलित होंगे। इसके अलावा कनाडा, चीन और श्रीलंका के वैज्ञानिक भी शामिल होंगे। देश के प्रसिद्ध संस्थान जैसे सीएफटीआरआई मैसूर, एनबीआरआई लखनऊ, नीरी नागपुर के अलावा पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ कर्नाटक, उत्तराखंड, दिल्ली, ओडिशा, झारखंड आदि के भी वैज्ञानिक इस मौके पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। दुनिया के कई देशों के वैज्ञानिक आभासी माध्यम से भी अपना शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे।

बताते चलें कि इस अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन केओ कॉलेज गुमला के आइक्यूएसी और नेशनल बोटैनिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट लखनऊ के संयुक्त तत्वाधान में सेंटर फॉर सोशल एंड एनवायरमेंटल रिसर्च रांची की ओर से किया जा रहा है। कॉन्फ्रेंस के आयोजन सचिव डॉ प्रसनजीत मुखर्जी ने बताया कि कॉन्फ्रेंस की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। साथ ही इसे लेकर शिक्षकों और छात्रों में भी काफी उत्साह है। कार्यक्रम के संयोजक प्राचार्य ए जे खलखो होंगे।

# पित्त की नली में कीड़े से ग्रसित महिला का पारस अस्पताल में सफल इलाज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** एक 35 वर्षीय महिला के पेट में बार-बार तीव्र दर्द हो रहा था। मरीज की पीड़ा से परेशान उसके परिजनों ने आपातकालीन स्थिति में पारस एचइसी अस्पताल में भर्ती किया। पारस अस्पताल के डॉ चंदन ने मरीज की गंभीर स्थिति का अवलोकन किया और एमआरसीपी जांच करने के बाद आशंका जतायी कि मरीज की पित्त नली में मरा हुआ कीड़ा है (जिसे आम भाषा में जोंक भी कह सकते हैं)। बीमारी की जटिलता को देखते हुए डॉ चंदन ने मरीज के परिजनों को इसके बारे में बताया और उनकी स्वीकृति के बाद इआसीपी सर्जरी शुरू की। इस दौरान मरीज के पित्त नली से चार मृत सड़े कीड़े निकाले गये। मरीज का फॉलोअप किया जा रहा है और सर्जरी के बाद वह बिल्कुल ठीक है।



डॉ चंदन कुमार।

पारस एचइसी अस्पताल के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, विभाग के डॉ चंदन ने बीमारी के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि डेड बिलीरी एस्कारियासिस एक दुर्लभ बीमारी है, जिसे डेथ डांसर भी कहा जाता है। यदि इसके लक्षणों का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन नहीं किया जाता है, तो यह एक अनजानी मृत्यु का कारण भी बन सकता है। कोई भी मरीज यदि लंबे समय तक मृत पित्त एस्कारियासिस (डेथ डांसर) का शिकार रहता है, तो उस मरीज का लिवर धीरे-धीरे काम करना बंद कर देता है। यदि प्रारंभिक चरण में ही इसका इलाज नहीं किया जाता है, तो यह कोलेंजाइटिस का रूप लेते हुए उच्च मृत्यु दर का कारण बन सकती है।

पारस अस्पताल के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश कुमार ने बताया की प्रदेश के लिए गर्व की बात है कि पारस अस्पताल में किसी भी जटिल या दुर्लभ बीमारियों का समुचित इलाज उपलब्ध है। पारस का वर्षों का भरोसा और समर्पण मरीजों को उच्च स्तरीय सेवा देने में आगे बढ़ रहे हैं। पित्त नली में एस्कारियासिस बहुत ही दुर्लभ किस्म की बीमारी है। एक वैश्विक रिपोर्ट के अनुसार, पित्त एस्कारियासिस (पीत नली कीड़ा) मुख्य रूप से भारत में केवल कश्मीर में देखा जाता है। मेडिकल साहित्य में कश्मीर के अलावा यह बीमारी न के बराबर पायी गयी है।

# शारदा फाउंडेशन ने छठ व्रतियों के बीच फल का किया वितरण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** छठ महापर्व में भगवान सूर्य के साथ छठी माई की पूजा-उपासना विधि-विधान के साथ की जाती है। यह सबसे कठिन व्रतों में से एक माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि छठ का व्रत परिवार की सुख, समृद्धि एवं संतान प्राप्ति की कामना, संतान की कुशलता और उनकी दीघार्यु के लिए किया जाता है। शारदा फाउंडेशन के सदस्यों ने व्रतियों को छठ पूजा के अवसर पर उनके घर जाकर उन्हें फल (केला) दिया एवं उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर संस्था के पंकज बंका, बजरंग गुप्ता, संतोष कुमार आदि मौजूद थे।

# भारत-भूटान अंतरराष्ट्रीय पारा थ्रोबाल में खेलेंगे राज्य के 4 खिलाड़ी

## पुरुष और महिला वर्ग में झारखंड के दो-दो खिलाड़ी भारतीय टीम में, रांची के मुकेश कंचन पुरुष टीम के कप्तान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** भूटान में आयोजित भारत-भूटान अंतरराष्ट्रीय पारा थ्रोबाल प्रतियोगिता में झारखंड से चार खिलाड़ी भारतीय दल में शामिल हैं। अंतरराष्ट्रीय थ्रो बॉल मैच सीरीज भूटान में दिनांक 24, 25, 26, दिसंबर 2023 को होगा। इस मैच सीरीज का आयोजन भूटान पैरालंपिक कमेटी द्वारा किया जा रहा है।

भारतीय थ्रोबाल टीम में झारखंड से पुरुष वर्ग में मुकेश कंचन व सनोज महतो तथा महिला वर्ग में महिमा उरांव व अशुंता टोप्पो का चयन हुआ है। रांची के मुकेश कंचन भारतीय पुरुष टीम के कप्तान हैं। ये चारों खिलाड़ी 21 नवंबर को भूटान के लिए रवाना होंगे।

### मुकेश कंचन



रांची के कोकर के रहनेवाले मुकेश कंचन का खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। प्रदर्शन को देखते हुए भारतीय दल (पुरुष वर्ग) का कप्तान बनाया गया है। मुकेश कंचन पूर्व में भी गोल्ड मेडल ले चुके हैं।

### सनोज महतो



कांके ब्लॉक के हूंदुर पंचायत के चारी के रहनेवाले सनोज महतो अंतरराष्ट्रीय थ्रो बॉल चैंपियनशिप में शामिल हुए। भूटान में आयोजित इस चैंपियनशिप में पैरों से दिव्यांग और हाथ के सहारे चलने वाले इस खिलाड़ी पढ़ाई प्राथमिक विद्यालय हुजीर में पांचवी, संत मदर टेरेसा उच्च विद्यालय नेवरी विकास कांके रांची कॉलेज से इंटरमीडिएट करने के बाद खेल में रूचि बढ़ी। सनोज महतो हाथों के बल पर दो-दो, तीन-तीन किलोमीटर पैदल चलकर शिक्षा पायी है। अंतरराष्ट्रीय खेल में कांस्य पदक प्राप्त किया है।

### महिमा उरांव



सौदाग की रहनेवाली महिमा उरांव चार भाई बहनों में बड़ी है। पोलियोग्रस्त होने के बावजूद डोरंडा कॉलेज रांची से एमए की पढ़ाई कर रही है। महिमा घर की जीविका चलाने के लिये सिलाई का काम भी करती है। 2018 में पैरा ओलंपिक एसोसिएशन ऑफ झारखंड द्वारा चयन किया गया। वॉलीबॉल में ब्रांच ऑथर बोल में सिल्वर मेडल जीते। बचपन से ही खेल दिलचस्पी थी, गांव एवं स्कूल में भी खेल में लेती थी, परंतु कुछ दिनों तक ही खेला लेकिन 2018 में पर झारखंड पैरालंपिक संगठन के व्यवस्थापक मुकेश कंचन से मुलाकात हुई और खेलने की तमन्ना जाग उठी। इस तरह प्रत्येक सप्ताह मोराबादी स्टेडियम में वालीबाल एवं थ्रो बॉल का अभ्यास प्रारंभ हुआ तो गांव से ही होने के कारण अभ्यास के लिए पांच किलोमीटर की दूरी तक सफर तय करती थी। दो-तीन ऑटो बदलकर मोराबादी स्टेडियम जाना पड़ता है। महिमा का अभ्यास एवं संघर्ष रंग लाया एवं राष्ट्रीय खेल में चुनी गयी। इस तरह अभ्यास एवं संघर्ष के बारात आगे बढ़ते हुए 2023 फरवरी में मुकेश कंचन कर के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिला एवं थ्रो बॉल में गोल्ड मेडल जीता।

### अशुंता टोप्पो



गुमला के चैनपुर छतरपुर के निवासी दिव्यांग आशूंटा तोपों के माता-पिता की मृत्यु बचपन में ही हो गई थी। थोड़ी बहुत पुस्तैनी जमीन की आमदनी और दिव्यांग पेंशन से अपना गुजारा करने वाली असुंता ने जुनून और मेहनत से भारत के थ्रो बोल और वॉलीबॉल टीम में अपनी जगह बनाई। फरवरी में नेपाल में आयोजित थ्रो बॉल प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से भारत को गोल्ड मेडल दिलाया। और, जब दूसरी बार मलेशिया में थ्रो बॉल का आयोजन हुआ वहां भी प्रतियोगिता में भाग लिए और पदक हासिल किया इस बार भूटान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय पर अथर्व गोल में भी उनकी जगह सुनिश्चित हुई है।

# ऑस्ट्रेलिया से बदला चुकाने को तैयार भारत

## वर्ल्ड कप : रविवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 2 बजे से खिताबी टक्कर

एजेंसी

**अहमदाबाद।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा अपनी विरासत खड़ी करने के लिए तैयार हैं और रविवार को यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले विश्व कप फाइनल में वह करोड़ों क्रिकेट प्रेमियों की प्रार्थनाओं के बीच अपने 10 साथियों के साथ पांच बार के विश्व चैंपियन के खिलाफ इतिहास रचने उतरेंगे। विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय विश्व कप का खिताब जीतने के अहसास से अच्छी तरह वाकिफ हैं और रोहित शर्मा भी 2007 में पहला टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रह चुके हैं। रविवार को होने वाला फाइनल पूरी तरह से अलग होगा। टीम का ध्यान सिर्फ टूनामेंट जीतने पर नहीं होगा बल्कि करोड़ों लोगों की भावनाओं का सैलाब भी उमड़ेगा।

रोहित और टीम के उनके साथी कहते रहे हैं कि मैदान के बाद क्या बोला जा रहा है इसका उन पर कोई फर्क नहीं पड़ता लेकिन बाहर से प्रशंसकों की आवाज ने ही खेल और इस टीम को इतना बड़ा बनाया है। कपिल देव ने 1983 में जब लार्ड्स में विश्व कप ट्रॉफी उठाई थी तो यह भारतीय क्रिकेट में नए युग की शुरूआत थी। महेंद्र सिंह धोनी ने 2011 में जगह फाइनल में विजयी छक्का जड़ा तो इससे विश्व क्रिकेट में भारत के दबदबे की शुरूआत की।

भारतीय क्रिकेट टीम 2023 में अपना तीसरा एकदिवसीय विश्व कप ही नहीं जीतना चाहेगी बल्कि 50 ओवर के प्रारूप को भी बचाना चाहेगी जो पिछले कम से कम पांच साल से अपनी पहचान बचाने के लिए जूझ रहा है। भारत की जीत से इस प्रारूप को जरूरी बढ़ावा मिलेगा। किसी भी टीम ने लगातार 11 जीत के साथ विश्व कप नहीं जीता हैं। यहां तक कि 2019 में इंग्लैंड को खिताबी जीत के दौरान पाकिस्तान के खिलाफ हार झेलनी पड़ी थी। रोहित बेशक इतिहास रच देंगे क्योंकि अगर उनकी टीम लगातार 11वीं जीत दर्ज करने में सफल रहती है तो इस रिकॉर्ड को तोड़ना बेहद मुश्किल होगा। रोहित ने अब तक आगे बढ़कर टीम की अगुआई की है। उन्होंने 124 के शानदार स्ट्राइक रेट से 550 रन बनाए हैं और ह्यरन मशीन' विराट कोहली (90 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 711 रन) को पारी को संवारने के लिए शानदार मंच दिया है।





### संभावित प्लेइंग 11

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव, रवींद्र जडेजा, मोहम्मद शमी, जसप्रित बुमरा, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज।

**ऑस्ट्रेलिया :** ट्रैविस हेड, डेविड वार्नर, मिशेल मार्श, स्टीवन स्मिथ, मार्नस लाबुशेन, ग्लेन मैक्सवेल, जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), पैट कमिंस (कप्तान), मिशेल स्टार्क, एडम जम्पा, जोश हेजलवुड।

शुभमन गिल ने डेंगू और थकान से उबरने के बाद समय-समय पर अपने स्तर का परिचय दिया है। श्रेयस अय्यर ने शॉर्ट गेंद के खिलाफ कमजोरी से उबरते हुए सेमीफाइनल में शतक जड़ा और वह भी अच्छी लय में हैं। भारत के अभियान में हालांकि जिसने सबसे बड़ा अंतर पैदा किया वह हैं मोहम्मद शमी। शुरूआती मुकाबलों में एकादश से बाहर रहने के बाद ह्यअमरोह एक्सप्रेस' के नाम से मशहूर इस तेज गेंदबाज ने 23 विकेट चटकाकर भारतीय टीम को अजेय बना दिया।

शमी इस पुरानी कहावत को सही साबित कर रहे हैं कि बल्लेबाज आपको मैच जिताते हैं लेकिन गेंदबाज आपके लिए टूनामेंट जीत सकते हैं। इसके अलावा टीम के पास लोकेश राहुल का धैर्य, रविंद्र जडेजा का ऑलराउंडर खेल और सूर्यकुमार यादव का ह्यएक्स फेक्टर' भी है। कुलदीप यादव अपनी स्पिनर से बल्लेबाजों को लगातार परेशान कर रहे हैं जबकि जसप्रीत बुमराह की यॉर्कर डेविड वार्नर और स्टीव स्मिथ जैसे दिग्गजों पर भी भारी पड़ सकती है।

## विश्व कप फाइनल से पहले विकेट को लेकर कमिंस ने कहा-पिच अच्छा, यहां टॉस उतना महत्वपूर्ण नहीं

एजेंसी

**अहमदाबाद।** भारत के खिलाफ रविवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले आईसीसी विश्व कप के फाइनल मुकाबले से पहले आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने शनिवार को पिच को लेकर कहा कि विकेट अच्छा है और यहां टॉस की भूमिका महत्वपूर्ण नहीं होगी।

खिताबी मुकाबले से पहले आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कमिंस ने न्यूजीलैंड के साथ भारत के सेमीफाइनल मुकाबले के लिए आखिरी मिनट में पिच बदलने के विवाद पर भी बात की।

यह पूछे जाने पर कि क्या उन्होंने उस सतह पर नजर डाली है जिस पर फाइनल खेला जाएगा, कमिंस ने कहा, फिर से, मैं एक महान पिच रीडर नहीं हूं, लेकिन यह काफी मजबूत दिख रहा था। उन्होंने केवल पिच पर पानी डाला है, इसलिए अभी 24 घंटे और हैं और देखिये क्या होता है, लेकिन यह काफी अच्छा विकेट लग रहा है।

कमिंस से उपमहाद्वीप की इस तरह की पिचों पर गेंदबाजी की चुनौतियों के बारे में पूछा गया, जो ऑस्ट्रेलिया की तुलना में पिच खेल में काफी पहले ही टूट जाते हैं, उन्होंने कहा कि पिछले एक साल में भारत में बिताए गए काफी समय से परिस्थितियों से परिचित होने में मदद मिली है।

उन्होंने कहा, इसमें कोई शक नहीं कि अपने देश में अपने विकेट पर खेलने के कुछ फायदे हैं, उन विकेटों के समान, जिन पर आप जीवन भर खेलते रहे हैं। लेकिन हमने यहां बहुत क्रिकेट खेला है।

कमिंस ने कहा, आपको इस्तेमाल की जाने वाली कुछ गेंदों, धीमी गेंदों, बाउंसरों के साथ जाना होगा, आपको मिश्रण के बीच संतुलन बनाना होगा लेकिन बहुत ज्यादा पीछा नहीं करना होगा। मुझे लगता है कि हमने उस संतुलन को बहुत अच्छी तरह से बना लिया है और कम से कम यहां भारत में, कई बार पारी के अंत तक, कटर जैसी चीजें शायद दुनिया में कहीं और की तुलना में बेहतर काम करती हैं।



उन्होंने कहा, यह कहना कठिन है। यह स्पष्ट रूप से दोनों टीमों के लिए समान है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि अपने देश में अपने स्वयं के विकेट पर खेलने के कुछ फायदे हैं, उसी विकेट के समान जिस पर आप जीवन भर खेलते रहे हैं। लेकिन हमने यहां बहुत क्रिकेट खेला है। तो, हाँ, हम इंतजार करेंगे और देखेंगे। मुझे लगता है, सभी स्थानों में, शायद इस स्थान पर टॉस उतना महत्वपूर्ण नहीं है। हाँ, हम इंतजार करेंगे और देखेंगे, लेकिन हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हमारे पास कुछ योजनाएँ हों।

दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट मैदान, नरेंद्र मोदी स्टेडियम ने अब तक टूनामेंट में चार मैचों की मेजबानी की है, जिसमें स्पिनरों ने इन खेलों के नतीजे में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। भले ही तेज गेंदबाजों ने टूनामेंट में कुल 35 विकेट लिए हैं, लेकिन स्पिनरों ने भी 22 विकेट लेकर अच्छा प्रदर्शन किया है।

खेल के बीच के ओवरों में स्पिनर्स ने भी प्रभावशाली प्रभाव छोड़ा, जबकि पेसर्स, विशेषकर जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज की भारतीय तिकड़ी, शुरूआती ओवरों में घातक रही है।

कुलदीप यादव ने अहमदाबाद में पाकिस्तान के खिलाफ लीग मुकाबले में घातक गेंदबाजी करते हुए 35 रन देकर 2 विकेट लिए। जबकि एडम जाम्पा ने लीग चरण में उसी स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ 21 रन देकर 3 विकेट लिए थे।

वहीं, तेज गेंदबाजों की बात करें तो बुमराह ने पाकिस्तान के खिलाफ इस मैदान पर 19 रन देकर दो विकेट लिए थे, जबकि ऑस्ट्रेलिया के लिए, कप्तान पैट कमिंस और जोश हेजलवुड ने इंग्लैंड के खिलाफ घातक गेंदबाजी करते हुए 49 रन देकर 2-2 विकेट लिए थे।

## विश्व कप फाइनल मेरे और साथियों के करियर का सबसे बड़ा क्षण : रोहित

एजेंसी

**अहमदाबाद।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने शनिवार को स्वीकार किया कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व कप फाइनल उनके और उनके साथियों के करियर का सबसे बड़ा क्षण है। रोहित ने कहा कि उनके कप्तान बनने के बाद से ही टीम इस दिन की तैयारी कर रही थी।

भारत और ऑस्ट्रेलिया विश्व कप 2023 के फाइनल मुकाबले में रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आमने सामने होंगे।

मैच की पूर्व संध्या पर आयोजित प्रेसवार्ता में रोहित ने विपक्ष के बारे में चिंता करने के बजाय अपने खेल पर टिके रहने और शांत रहने के महत्व पर जोर दिया।

रोहित ने कहा, यह बिना किसी संदेह के एक बड़ा अवसर है। हमने अब तक जो भी सपना देखा है वह यहां है। पेशेवर खिलाड़ियों के लिए यह सबसे चुनौतीपूर्ण पहलू है कि आप इस तरह की चुनौतियों को अपने दिमाग से कैसे दूर रखते हैं और अपना ध्यान केंद्रित रखते हैं। यह हमारे करियर का सबसे बड़ा क्षण है और शांत रहना महत्वपूर्ण है क्योंकि यहीं आप अपनी योजनाओं को बेहतर ढंग से क्रियान्वित कर सकते हैं। आपको रोजाना विश्व कप फाइनल खेलने का मौका नहीं मिलता। मैं 50 ओवर के विश्व कप को देखकर बड़ा हुआ हूं इसलिए मेरे लिए यह सबसे बड़ा अवसर होगा।

रोहित ने कहा, जब से मैं कप्तान बना हूं तब से हमने इस दिन के लिए तैयारी की है। हमें प्रारूपों के अनुसार पिछले 2 वर्षों में खिलाड़ियों की पहचान करनी थी।





हमने भूमिका स्पष्ट कर दी थी और कप्तान और कोच के बीच काफी चर्चा हुई थी। हमारे लिए इस मंच तक पहुंचना बहुत बड़ी बात है। हमने मानसिकता और भूमिकाएं स्पष्ट रखने की पूरी कोशिश की है। अब तक सब अच्छा चला है, उम्मीद है कि कल भी ऐसा ही होगा।"

पर्दे के पीछे मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के काम की सराहना करते हुए रोहित ने कहा कि उन्होंने सभी को खुद को अभिव्यक्त करने की पूरी आजादी दी है।

रोहित ने कहा, राहुल भाई का योगदान बहुत बड़ा है। उन्होंने हर किसी को आजादी दी है।

उन्होंने कहा, राहुल द्रविड़ की भूमिका बहुत बड़ी रही है, खासकर खिलाड़ियों को भूमिका स्पष्टता देने के मामले में। उन्होंने अपना क्रिकेट कैसे खेला और मैं अपना क्रिकेट कैसे खेलता हूं, इसमें काफी विरोधाभास है और कुछ चीजों पर सहमत होना, हमें वह स्वतंत्रता देना, उनके बारे में बहुत कुछ कहता है। उन्होंने भारतीय क्रिकेट के लिए जो किया है वह बहुत बड़ा है और वह भी इस अवसर का हिस्सा बनना चाहते हैं।

रोहित ने तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की तारीफ करते हुए कहा, शमी कौशल, दृढ़ संकल्प और अटूट भावना का प्रमाण हैं। उनका विश्व कप के शुरूआती भाग में नहीं खेलना कठिन था। लेकिन वह सिराज और बुमराह की मदद के लिए टीम में थे। इससे पता चलता है कि वह एक टीम मैन होने की गुणवत्ता रखते हैं। हमने उनसे इस बात पर बातचीत की कि वह क्यों टीम का हिस्सा नहीं थे, लेकिन उन्होंने कड़ी मेहनत करना जारी रखा और इससे पता चलता है कि टूनामेंट से पहले वह किस तरह की मानसिक स्थिति में थे। यह उनके बारे में बहुत कुछ कहता है और एक बार जब उनके लिए अवसर खुला, तो उन्होंने काफी शानदार किया। यह हम उनके प्रदर्शन से देख सकते हैं।

रोहित ने अपने खुलकर खेलने को लेकर कहा, विश्व कप शुरू होने से पहले मेरी इस तरह की क्रिकेट खेलने की योजना थी। मुझे नहीं पता था कि यह काम करेगा या नहीं। थोड़ी आजादी के साथ मैं खुद को अभिव्यक्त करना चाहता था। इंग्लैंड के खिलाफ मैच के दौरान भी मैंने अपना दृष्टिकोण बदल दिया और हर वरिष्ठ खिलाड़ी यही करते हैं। मैंने अपनी रणनीति बदल दी। मैं वहां जाने और इसे आसान और शांत रखने में विश्वास करता हूं। ऐसा करना अच्छा होगा क्योंकि हमने इसके लिए कड़ी मेहनत की है। भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीमें रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में विश्व कप 2023 के खिताबी मुकाबले में आमने सामने होंगे।

**रोहित ने की गेंदबाजों की तारीफ**

रोहित ने गेंदबाजों की तारीफ करते हुए कहा, गेंदबाजों ने इस टूनामेंट में हमारे लिए बहुत अच्छा काम किया है।

## खबर एक नजर में

### पिच के बर्ताव से परेशान दिखे पैट कमिंस

**अहमदाबाद।** मैच से पहले पिच का मुआयना करना सामान्य है लेकिन पिच की फोटो खींचना थोड़ा असामान्य है जो शायद ड्रेसिंग रूम में चर्चा और रणनीति तैयार करने के लिए ली गई हों। आज सुबह ऐसा ही हुआ जब ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस भारत के खिलाफ विश्व कप फाइनल के लिये इस्तेमाल की जाने वाली पिच देखने आए। बड़े मैच से पहले शायद आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के दिमाग में पिच को लेकर संशय बना होगा। जब कमिंस से पूछा गया कि पिच कैसी है जिसका इस्तेमाल भारत-पाकिस्तान के बीच खेले गए मैच के लिए किया गया तो उन्होंने कहा, अभी बस पिच देखी है।' पिच कैसी लग रही है तो उन्होंने कहा, मैं पिच इतनी अच्छी तरह नहीं समझ पाता हूं, लेकिन यह काफी सख्त दिख रही है। उन्होंने मोहम्मद शमी को भारत के लिए बेहतरीन प्रदर्शन करने वाला खिलाड़ी करार दिया। उन्होंने कहा, वे सभी विभागों में बहुत अच्छे हैं। आप जानते हैं कि एक खिलाड़ी जो टूनामेंट की शुरूआत में नहीं खेला था, जिसने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया है, वह मोहम्मद शमी है। वह स्तरीय गेंदबाज है तो हां वह बड़ी भूमिका निभा सकता है।'

### फाइनल के लिए मैच ऑफिशियल्स का ऐलान

**अहमदाबाद।** इंग्लैंड के रिचर्ड इलिंगवर्थ और रिचर्ड केटलबोरो रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मेजबान भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वर्ल्ड कप 2023 फाइनल के लिए ऑन-फील्ड अंपायर होंगे। वहीं, थर्ड अंपायरिंग की जिम्मेदारी वेस्टइंडीज के जोएल विल्सन को सौंपी गई है। आइसीसी ने इस फाइनल मुकाबले के लिए अंपायर और मैच रेफरी के नामों की घोषणा कर दी है। इन नामों में एक ऐसा नाम भी शामिल है जो भारतीय फैंस को निराश कर सकता है। रिचर्ड कैटलबोरो का फाइनल मैच में अंपायरिंग करना भारतीय फैन्स के लिए थोड़ी चिंता बात है। फोर्थ अंपायरः क्रिस गैफनी और मैच रेफरीः एंडी पाइक्राफ्ट।

### मुंबई-अहमदाबाद के बीच चलेगी विशेष ट्रेनें

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित होने वाले फाइनल क्रिकेट मैच को देखने आने वाले क्रिकेट प्रशंसकों की अतिरिक्त भीड़ को समायोजित करने के उद्देश्य से पश्चिम रेलवे मुंबई-अहमदाबाद के बीच विशेष ट्रेनें चलाएगी। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सुमित ठाकुर द्वारा शनिवार को यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार पश्चिम रेलवे और मध्य रेल द्वारा रविवार 19 नवंबर को अहमदाबाद में भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 फाइनल मैच देखने आने वाले क्रिकेट प्रशंसकों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के उद्देश्य से मुंबई और अहमदाबाद के बीच पांच अतिरिक्त विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी। अब तक पश्चिम रेलवे और मध्य रेल ने इस भव्य अवसर के लिए 11 ट्रेनों को अधिसूचित किया है।

### आइटीटीएफ मिश्रित टीम विश्व कप के उद्घाटन संस्करण में हिस्सा लेंगे भारत, चीन सहित 18 देश

**चेंगदू।** अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ (आईटीटीएफ) ने 2023 आईटीटीएफ मिश्रित टीम विश्व कप के उद्घाटन संस्करण में हिस्सा लेने वाली 18 टीमों की घोषणा की। यह प्रतियोगिता दक्षिण पश्चिम चीन के सिचुआन प्रांत के चेंगदू में 4 से 10 दिसंबर तक होने वाली है, जो एक अभिनव मिश्रित-टीम प्रारूप के साथ टेबल टेनिस की दुनिया में एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है। रिपोर्ट के अनुसार प्रतियोगिता में पुरुष और महिला एकल, युगल और मिश्रित युगल मुकाबले खेले जाएंगे। उद्घाटन टूनामेंट में प्रतिस्पर्धा करने वाली टीमें ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, चीन, चीनी ताइपे, मिस्र, फ्रांस, जर्मनी, भारत, जापान, दक्षिण कोरिया, पुर्तगाल, प्यूर्टो रिको, रोमानिया, सिंगापुर, स्लोवाकिया, स्वीडन, संयुक्त राज्य अमेरिका और हांगकांग चीन हैं। सूची में पुरुषों या महिलाओं की महाद्वीपीय टीम स्पधाओं के विजेता और सर्वश्रेष्ठ टीमों का मूल्यांकन पुरुषों और महिलाओं की टीम रैंकिंग स्थितियों के संयोजन के माध्यम से किया जाता है, जिसमें प्रति महाद्वीप छह टीमों की सीमा होती है। टीमों में प्रत्येक में तीन से चार पुरुष और महिला खिलाड़ी शामिल होंगे।

### नीरज यादव डोप जांच में विफल, एशियाई पैरा खेलों के दो स्वर्ण गंवा सकता है भारत

**नयी दिल्ली।** भारत हाल में हांगझोउ एशियाई पैरा खेलों में जीते गये दो स्वर्ण पदक गंवा सकता है क्योंकि नीरज यादव राष्ट्रीय डोपिंग रोधी (नाडा) द्वारा की गयी डोप जांच में विफल हो गये हैं। यह जांच इस महाद्वीपीय टूनामेंट से कुछ दिन पहले की गयी थी। पता चला है कि हांगझोउ रवाना होने से छह दिन पहले बेंगलुरु में टूनामेंट के इतर की गयी जांच में यादव एनाबोलिक स्टेराइड के लिए पॉजिटिव आये हैं।

### भोसले, चौधरी आईटीएफ विश्व महिला टूर पर भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगी

**बेंगलुरू।** रूतुजा भोसले और वैदेही चौधरी रविवार से यहां बोरिंग इंस्टीट्यूट में क्ले कोर्ट पर होने वाले आईटीएफ विश्व महिला टूर में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगी। भोसले और चौधरी के अलावा प्रांजला यदलापल्ली, जील देसाई, श्रीवल्ली रश्मिका भामीदिपति और हुमेरा बहारमस उन 20 खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें 32 खिलाड़ियों के मुख्य ड्रा में सीधे प्रवेश मिला है।

## वर्ल्ड कप में भारत ने जीते लगातार 10 मैच, आज 11वीं की बारी

ऐजेंसी

**नयी दिल्ली।** वर्ल्ड कप 2023 का फाइनल मुकाबला पांच बार की चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया और मेजबान भारत के बीच खेला जाएगा। यह मुकाबला रविवार यानि 19 नवबंर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने ताबतक शानदार प्रदर्शन किया है और पहली बार बिना कोई मैच हारे फाइनल में जगह बनाई है। इस वर्ल्ड कप में भारतीय टीम की विजय यात्रा एक नजर में।

**8 अक्टूबरः ऑस्ट्रेलिया को छह विकेट से हराया :** भारतीय स्पिनरों, रवींद्र जड़ेजा, रविचंद्रन अश्विन और कुलदीप यादव ने मिलकर छह विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को 49.3 ओवर में सिर्फ 199 रन पर आउट कर दिया। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने दो ओवर में 2-3 विकेट लेकर भारतीय खेमे में शुरूआती घबराहट पैदा कर दी। लेकिन केएल राहुल (नाबाद 97) और विराट कोहली (85) के बीच 215 गेंदों पर 165 रनों की शानदार साझेदारी ने भारत को ऑस्ट्रेलिया पर छह विकेट से यादगार जीत दिलाकर अपने अभियान की शानदार शुरूआत की।

**11 अक्टूबरः अफगानिस्तान को आठ विकेट से हराया :** जसप्रीत बुमराह (4-39) ने घातक तेज गेंदबाजी करते हुए अफगानिस्तान को 272/8 पर रोक दिया। 273 रनों के मुश्किल लक्ष्य के सामने कप्तान रोहित शर्मा ने 131 रनों की पारी खेली और स्थानीय खिलाड़ी विराट कोहली ने नाबाद 55 रनों की पारी खेलकर घरेलू दर्शकों का मनोरंजन करते हुए प्रतियोगिता में भारत की अच्छी शुरूआत को बनाए रखा।

**14 अक्टूबर पाकिस्तान को सात विकेट से हरायाः** एक जोरदार मुकाबले में, बुमराह की अगुवाई में भारत के गेंदबाजों ने दो-दो विकेट लिए, जिससे बीच के ओवरों में आश्चर्यजनक पतन हुआ, क्योंकि पाकिस्तान ने 36 रन पर आठ विकेट खो दिए, और 191 रन पर ही समाप्त हो गया। रोहित ने फिर से बल्ले से चमक बिखेरी। 83 रन बनाए जबकि श्रेयस अय्यर ने नाबाद 53 रन बनाकर भारत के लिए जीत की हैट्रिक बनाई।

**अक्टूबर 19: बांग्लादेश को सात विकेट से हरायाः** बाएं टखने की चोट के कारण हार्दिक पांड्या को खोने के बाद, भारत को थोड़े समय के लिए बैकफुट पर रखा गया, इससे पहले कि रवींद्र जडेजा ने 2-38 विकेट लिए और बांग्लादेश को 256/8 पर रोके रखने के लिए मैदान पर शानदार प्रदर्शन किया। रोहित और शुभमन गिल के बीच पहले विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी हुई, इसके बाद कोहली ने नाबाद 103 रन की पारी खेली, जो उनका 48वां एकदिवसीय शतक था और उन्होंने 51 गेंद शेष रहते ही लक्ष्य हासिल कर लिया।





**22 अक्टूबरः न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया :** अपने पहले विश्व कप मैच में खेलते हुए, मोहम्मद शमी ने आखिरी दस ओवरों में 5-54 विकेट लेकर शानदार वापसी की और न्यूजीलैंड को 273 रनों पर आउट कर दिया। जवाब में, कोहली ने 104 गेंदों में 95 रनों की शानदार पारी खेली, जबकि जडेजा ने नाबाद 39 रन की बहुमूल्य पारी खेली,जिससे भारत न्यूजीलैंड पर चार विकेट से जीत के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया।

**29 अक्टूबरः इंग्लैंड को 100 रन से हरायाः** रोहित ने भारत के लिए सर्वाधिक 87 रन बनाए जबकि सूर्यकुमार यादव ने बैक-एंड में महत्वपूर्ण 49 रन बनाए, जिससे भारत ने मुश्किल दो गति वाली पिच पर 229/9 रन बनाए। शमी ने 22 रन देकर 4 विकेट लिए, जबकि बुमराह ने 32 रन देकर 3 विकेट लिए और इंग्लैंड के पहले दस ओवरों में चार विकेट झटके। कुलदीप ने 24 रन देकर 2 विकेट लिए जबकि जडेजा ने 16 रन देकर 1 विकेट लिया, जिससे भारत ने सटीकता का शानदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड को 34.5 ओवर में 129 रन पर आउट कर दिया और तालिका में फिर से शीर्ष पर आ गया।

**मैच 7, 2 नवंबरः भारत ने मुंबई में श्रीलंका को 302 रनों से हराया**

भारत ने 357/8 का स्कोर बनाया, जिसमें गिल, कोहली और अय्यर ने 92, 88 और 82 रनों की पारी खेली, जिससे श्रीलंका को चढ़ने के लिए एक बड़ा पहाड़ मिल गया। नई गेंद से बुमराह, शमी और सिराज ने इस कदर धमाल मचाया कि श्रीलंका की टीम 19.4 ओवर में सिर्फ 55 रन पर आउट हो गई। बुमराह के पास पांच ओवरों में 1-8 के आंकड़े थे, जबकि सिराज ने बल्लेबाजों को स्विंग और सीम से परेशान करके सात ओवरों में 3-16 रन बनाकर टूनामेंट में एक उदासीन समय की भरपाई की। शमी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पांच ओवर में 18 रन देकर 5 विकेट लिए।

**5 नवंबर दक्षिण अफ्रीका को 243 रनों से हरायाः** अपने 35वें जन्मदिन पर, कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नाबाद 101 रन की शानदार पारी खेलकर सचिन तेंदुलकर के 49 एकदिवसीय शतकों के रिकॉर्ड की बराबरी की, और अय्यर के शानदार 77 रन की मदद से भारत ने 326/5 का स्कोर बनाया। जड़ेजा ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 33 रन देकर 5 विकेट लिए जबकि कुलदीप ने दो विकेट लिए जिससे दक्षिण अफ्रीका 27.1 ओवर में 83 रन पर आउट हो गया।

**12 नवंबरः नीदरलैंड को 160 रन से हरायाः** भारत ने 410/4 का स्कोर बनाया, क्योंकि केएल राहुल और श्रेयस अय्यर ने शतक बनाए, कप्तान रोहित शर्मा, शुभमन गिल और विराट कोहली ने अर्द्धशतक बनाए। जवाब में, नीदरलैंड्स की टीम 47.5 ओवर में 250 रन पर आउट हो गई, जिसमें सिराज, बुमराह, कुलदीप और जडेजा ने दो-दो विकेट लिए, वहीं विराट और रोहित को भी एक-एक विकेट मिला।

**15 नवंबर, सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड को हरायाः** कोहली ने शानदार 117 रन बनाये, जो वनडे में उनका 50वां शतक है। उन्होंने सचिन तेंदुलकर के 49 वनडे शतकों का महारिकार्ड तोड़ा। भारत ने 397/4 रन बनाये। मो शमी ने 57 रन देकर 7 विकेट लेकर न्यूजीलैंड को 327 रन पर आउट कर दिया। भारत ने फाइनल में जगह बनायी। रविवार को 11वीं जीत दर्ज करने की तैयारी है।

